# रामा झूमे नौरंगिया की डाल कोयल एक बोलई हो सोहर

रामा झूमे नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।bd।

---

रामा पहला मगन सीता मागैं,
मगन विधि पुरवई हो,
रामा मागैं अयोध्या ससुराल,
जनकपुर नैहर हो,
रामा झूमै नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।bd।

---

रामा दुसरो मगन सीता मागैं,
मगन विधि पुरवई हो,
रामा मागैं कौशल्या जैसी सासु,
ससुर राजा दशरथ हो,
रामा झूमै नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।bd।

---

रामा तीसरा मगन सीता मागैं,
मगन विधि पुरवई हो,
रामा मागैं सुभद्रा जैसी ननद,
ननदोई राजा अर्जुन हो,
रामा झूमै नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।bd।

---

रामा चौथा मगन सीता मागैं,
मगन विधि पुरवई हो,
रामा मंगती है वर भगवान,
देवर राजा लक्ष्मण हो,
रामा झूमै नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।bd।

---

रामा पंजवा मगन सीता मागैं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मगन विधि पुरवई हो,
रामा संग सहेली सब पूछैं,
कौन तप कीन्हे हो,
रामा झूमै नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।**bd।**

---

रामा झूमे नौरंगिया की डाल,
कोयल एक बोलई हो।**bd।**

गायक – शुभम शास्त्री।
**8081654490**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com